C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:46 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:44 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 62 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 22 अगस्त 2025

200 करोड़ क्लब में शामिल हुई...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### संसद की सुरक्षा में सेंध, दीवार कूदकर परिसर में घुसा शख्स; सुरक्षा बलों ने पकड़ा



**नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा में एक बार फिर बड़ी चूक हुई है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि एक व्यक्ति पेड़ के सहारे दीवार कूद कर सुबह लगभग 6:30 बजे संसद भवन में घुस गया। रेलभवन की तरफ से दीवार कूदकर नई संसद भवन के गरुड़ द्वार तक पहुंच गया था। संसद भवन में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी पकड़ लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग दंपति ने विषाक्त पदार्थ गटका, मौत



**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक बुजुर्ग दंपति ने विषाक्त पदार्थ गटक लिया। इससे परिवार में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दोनों को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया उच्चार के दौरान पत्नी की मौत हो गई जबकि पति की हालत गंभीर बनी हुई है। लखनपुर दौलतपुर निवासी 71 वर्षीय हरिदत्त पांडे और उनकी पत्नी 65 वर्षीय मुन्नी देवी ने देर रात सल्फास की गोलियां खा लीं। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल लाया गया जहां रात बजे मुन्नी देवी ने दम तोड़ दिया। वहीं हरिदत्त पांडे को आईसीयू में भर्ती किया गया है। परिजनों के अनुसार बुधवार दोपहर मृतका का परिवार के एक सदस्य से विवाद हुआ था। इसकी जानकारी उन्होंने शाम को पति को दी थी। पुलिस ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है, मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भर उसका पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है।

# आक्रामक कुत्तों को शेल्टर होम में ही रखा जाए: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली

एजेंसी

आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया है। मामले का दायरा पूरे भारत के लिए बढ़ा दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम अधिकारियों को भोजन के लिए समर्पित स्थान बनाने का निर्देश दिया और 11 अगस्त के अपने निर्देश में कुछ शर्तों के साथ संशोधन करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों को टीकाकरण और नसबंदी के बाद आश्रय स्थलों से छोड़ दिया जाए।

### सुप्रीम कोर्ट ने नसबंदी के बाद कुत्तों को छोड़ दें



सर्वोच्च न्यायालय ने 11 अगस्त के आदेश में संशोधन करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उसी क्षेत्र में वापस छोड़ दिया जाएगा, सिवाय उन कुत्तों के जो रेबीज से संक्रमित हैं या जिनका व्यवहार आक्रामक दिखाई दे रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि कुत्तों को सार्वजनिक रूप से खाना खिलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आवारा कुत्तों को खाने-पानी की चीजें मुहैया कराने या फिर उन्हें खिलाने-पिलाने के लिए अलग से स्थान बनाए जाएंगे। कोर्ट ने कहा कि कहीं भी कुछ भी खाने-पीने को देने से ही कई घटनाएं घटित हुई हैं।

### पालतू कुत्तों के लिए रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि 30 सितम्बर

**हल्द्वानी।** नगर निगम द्वारा चलाई जा रही पेट रजिस्ट्रेशन स्कीम को नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। बीते मात्र दस दिनों के भीतर अब तक 220 से अधिक नागरिक ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अब तक 646पेट का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया केवल ऑनलाइन होगी। उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में यह रजिस्ट्रेशन सभी पालतू कुत्तों के लिए अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2025 तय की गई है। अंतिम तिथि के बाद रजिस्ट्रेशन कराने पर संबंधित व्यक्ति को दो हजार का जुर्माना देना होगा। नगर निगम सभी नागरिकों से अपील करता है कि समय रहते अपना पेट रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम से भी कर सकते है।

सनसनीखेज खुलासे

# भाजपा ने खनन से बनाई 30 करोड़ की एफडी: हरक सिंह

देहरादून

हमारे संवाददाता

पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत एक बार फिर अपने बयानों को सुर्खियों में हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैं कि भाजपा को चलाने के लिए जो 30 करोड़ की एफडी बनी है, मैंने भी उसमें एक करोड़ रुपये दिए हैं। मैं उस समय वन मंत्री था। मैंने भी खनन माफिया से लाकर पैसा दिया।

सीबीआई और ईडी जांच एजेंसियों की पकड़ ढीली पड़ते ही पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत की पूरी अकड़ भी दिखने लगी है। पूरे कड़क अंदाज में उन्होंने सनसनीखेज खुलासा किया कि भाजपा ने खनन माफिया के पैसे से बैंक में 30 करोड़ की एफडी बनाई। डॉ. रावत का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है इस वीडियो में वह राज्य सरकार की खनन नीति पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। एक दिन पहले ही उन्होंने सीबीआई और ईडी की जांच में क्लीन चिट मिलने का दावा किया और उसके बाद उन्होंने कांग्रेस भवन में मीडियाकर्मियों के समक्ष सत्तारूढ़ भाजपा पर हमला बोला। वायरल वीडियो में डॉ. रावत कह रहे हैं, मैं सच कहूं, भाजपा को चलाने के लिए जो 30 करोड़ की एफडी बनी है, मैंने भी उसमें एक करोड़ रुपये दिए हैं। मैं उस समय वन मंत्री था। मैंने भी खनन माफिया से लाकर पैसा दिया।



मेरे में भी दोष है, मैं तो कहता हूं मेरी भी जांच होनी चाहिए। वह यहीं चुप नहीं होते हैं। कहते हैं, 30 करोड़ की एफडी में किस-किस ने पैसा दिया है, ईडी ईमानदारी से जांच कर ले तो, पूरी भाजपा जेल में होगी। मैं वन मंत्री था तो मैंने रामनगर और हल्द्वानी में जाकर खनन ठेकेदारों से कहा कि 10-10 लाख के चेक लाओ। हरक कहते हैं कि भाजपा सरकार खनन पर अपना डंका पीट रही है, लेकिन खनन पट्टों के आवंटन सही नहीं है।

उनका कहना है कि ऊधमसिंह नगर में खनन पट्टे बांटे जाने के नाम पर लूट मची है। आगे वह कहते हैं कि वह खनन के खिलाफ नहीं हैं। खनन होना चाहिए लेकिन तकनीकी तरीके से। आसपास की बस्तियों को नुकसान नहीं होना चाहिए। उन्होंने खनन पट्टों के आवंटन की तुलना पूर्व सीएम डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के समय में ऋषिकेश में कथित भूमि आवंटन से की। कहा कि खनन के पट्टों के आवंटन की ईडी जांच करे तो सरकार भी जेल में होगी।

# 55 लाख 21 हजार में प्रिंस ट्रेडिंग के नाम रहा नंदा सुनंदा महोत्सव के दुकानों का टेंडर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आगामी 28 अगस्त से लेकर 5 सितंबर तक नैनीताल में होने वाले नंदा सुनंदा महोत्सव के दौरान फ्लैट्स मैदान में लगने वाल दुकानों का टेंडर 55 लाख 21 हजार में प्रिंस ट्रेडिंग के नाम रहा । वहीं बिजली व सीसीटीवी का टेंडर 8 लाख में साईं लाईट हाउस को मिला

बता दें बीते रोज को पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल की ओर से गठित कमेटी के सामने खोली गई। दुकानों के लिए प्रिंस ट्रेडिंग कंपनी चंबा हिमाचल, ठाकुर जी इंटरप्राइजेज तथा देव इंटरप्राइजेज कुल तीन निविदाएं आयी थी। जिसमें प्रिंस ट्रेडिंग कंपनी ने 55 लाख 21 हजार सबसे ज्यादा राशि की निविदा डाली गई थी। जिसके बाद कमेटी ने मेले के आयोजन की निविदा प्रिंस ट्रेडिंग कंपनी के नाम कर दी। दुकानों के टेंडर का बेस प्राइज 55 लाख रुलये रखा गया था। वहीं बिजली ध्वनि व सीसीटीवी का टेंडर 8 लाख रुपये में साई लाइट हाउस भवाली के नाम हुआ। बता दें कि नगर में लाइट की व्यवस्था व सीसीटीवी व ध्वनि की व्यवस्था के लिए पालिका साईं लाइट हाउस को 8 लाख रुपये देगी। इस दौरान ईओ रोहिताश शर्मा, मुखय कोषाधिकारी कमलेश भंडारी, सहायक अभियंता सिंचाई खंड दीनदयाल सती आदि मौजूद रहे।



# बुलेट सवार दंपती को डीसीएम ने मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी गंभीर

रुड़की

हमारे संवाददाता

**दुखद**

- पिछले महीने हुई थी शादी

युवक अपनी पत्नी के साथ बुलेट से झबरेड़ा की ओर जा रहा था। जैसे ही वह साबतवाली स्थित गेट के पास पहुंचे तो तेज गति से जा रहे छोटे डीसीएम वाहन ने उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी।

रुड़की के झबरेड़ा में बुलेट से जा रहे नवविवाहित पति-पत्नी को छोटे डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, जयकिशन (29) निवासी बेहड़की सैदाबाद अपनी पत्नी के साथ बुलेट से झबरेड़ा की ओर जा रहा था। जैसे ही वह साबतवाली स्थित गेट के पास पहुंचे तो तेज गति से जा रहे छोटे डीसीएम वाहन ने उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौका पाकर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घायलों की सूचना किसी राहगीर ने झबरेड़ा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सिविल अस्पताल रुड़की पहुंचाया। जहां पर चिकित्सको ने जयकिशन को मृत घोषित कर दिया।

### भाजपा ने चमोली को पद से हटाया, पांच गिरफ्तार

**देहरादून।** पौड़ी कोतवाली क्षेत्र में एक युवक जितेंद्र कुमार ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर कुछ लोगों पर जमीन के सौदे को लेकर उसे परेशान करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले में भाजयुमो (भारतीय जनता युवा मोर्चा) के प्रदेश मंत्री हिमांशु चमोली सहित पांच लोगों को देहरादून से गिरफ्तार किया है। वहीं पार्टी ने हिमांशु चमोली को पद से हटा दिया है। पौड़ी में आत्महत्या करने से पहले एक युवक के वायरल वीडियो में लगाए गए आरोपों के बाद भाजपा ने युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री हिमांशु चमोली का तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि हिमांशु चमोली युवा मोर्चा के पदाधिकारी थे।

# दमवाढूगा में मालिकाना हक को सीएम धामी का आभार जताया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने राज्य सरकार द्वारा जवाहर ज्योति दमवाढूगा में ग्राम सर्वेक्षण एवं अभिलेख सक्रियाओ के अधीन अभिलेख संक्रियाओं (रिकॉर्ड ओप्रशन) की अधिसूचना जारी करने सहित लोगों के मालिकाना हक का रास्ता इख्तियार करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है।

भट्ट ने दमुवाढूगा वासियों को भी बधाई और शुभकामनाएं दी है। भट्ट ने बताया कि लंबे संघर्षों के बाद आज जवाहर ज्योति दमवाढूगा वासियों के लिए ऐतिहासिक दिन है मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा लोगों लिए



उनके मालिकाना हक का रास्ता साफ किया गया है श्री भट्ट ने राजस्व सचिव एसएन पांडे से दूरभाष पर वार्ता करने के बाद कहा की धारा 48 की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर अधिसूचना जारी की गई है कि अब जवाहर ज्योति दमुवाढूगा क्षेत्र में भूमि के सर्वे कर बंदोबस्ती व मालिकाना हक का रास्ता तैयार होगा। श्री भट्ट ने कहा कि लंबे समय से जवाहर ज्योति दमुवाढूगा क्षेत्र के लोग अपने मालिकाना हक के लिए मांग कर रहे थे उनकी यह मांग आज पूरी हुई है उन्होंने समस्त क्षेत्र वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुनः आभार जाताया है।

# मतपत्र में टेमपरिंग व ओवरराइटिंग मामले में सुनवाई आज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिला पंचायत नैनीताल के अध्यक्ष पद के चुनाव में डाले गए एक मतपत्र में टेमपरिंग अथवा ओवरराइटिंग होने की शिकायत पर हाईकोर्ट की ओर नियुक्त अधिवक्ताओं ने वीरवार को कलेकट्रेट में मतगणना के दौरान की वीडियो रिकार्डिंग व सीसीटीवी फुटेज देखे,जिसमें करीब 3 घण्टे का समय लगा जिसकी रिपोर्ट शुक्रवार (आज) को हाईकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। दूसरी ओर वीरवार को कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा के दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

बता दें कि 20 अगस्त (बुधवार) को पुर्नमतदान की मांग को लेकर दायर याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता जिला पंचायत सदस्य पूनम बिष्ट के अधिवक्ताओं ने मुखय न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ को बताया कि एक मतपत्र में छेड़छाड़ हुई है, उसके क्रमांक 1 में ओवरराइटिंग कर उसे क्रमांक 2 लिख दिया गया जिससे मतपत्र अमान्य घोषित कर दिया गया। कहा कि चूंकि मतदान तथा मतगणना और मतपत्रों के संरक्षण की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग उपलबध है इसलिए असली दोषी की पहचान की जा सकती है, जिसके बाद हाईकोर्ट ने फुटेज का अवलोकन नैनीताल जिलाधिकारी कार्यालय में किये जाने के निर्देश दिए थे, इसके लिए याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ए.एस. रावत,वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस.पाटनी तथा अधिवक्ता त्रिभुवन फर्त्याल जबकि राज्य की ओर से अमरेंद्र प्रताप सिंह अतिरिक्त महाधिवक्ता, जे.एस. विर्क उप महाधिवक्ता व राजीव सिंह बिष्ट अतिरिक्त मुखय स्थायी अधिवक्ता शामिल थे । इसके अतिरिक्त दोनों प्रत्याशी भाजपा की दीपा दर्मवाल तथा कांग्रेस की पुष्पा नेगी और राज्य निर्वाचन आयोग के अधिवक्ता संजय भट्ट भी वीडियो रिकॉर्डिंग देखने के लिये अधिकृत थे जो सुबह 10.45 बजे कलेकट्रेट पहुंच गए थे और 11 बजे से वीडियो रिकॉर्डिंग व सीसी टीवी फुटेज दिखाई जाने लगी जो अपरान्ह दो बजे तक जारी रही जिसके बाद सभी अधिवक्ता हाईकोर्ट लौट गए, लेकिन उन्होंने वीडियो रिकॉर्डिंग व सीसीटीवी फुटेज में किसी तरह की जानकारी नहीं दी । इस बारे में शुक्रवार (आज) को हाईकोर्ट को जानकारी दी जाएगी । अधिवक्ताओं की यह रिपोर्ट इस याचिका की सुनवाई में काफी अहम होगी । यह सुनवाई शुक्रवार (आज) दोपहर बाद होनी है ।

## NEWS / फटाफट

### विधायक सरिता आर्या ने वन मंत्री से की मुलाकात

**नैनीताल ।** विधानसभा सत्र के दौरान भराडीसैंण में नैनीताल विधायक सरिता आर्या ने वन मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात की। इस दौरान विधायक सरिता आर्या ने जमीरा- पटवाडॉगर, मंगोली- गहलना, बजून -फ गुनियाखेत तथा नारायणनगर- गैरीखेत सडक़ के निर्माण हेतु वन विभाग से अतिशीघ्र प्रकरणों का निस्तारण करवाने हेतु लिखित मांगपत्र वन मंत्री सुबोध उनियाल को सौंपा। वन मंत्री द्वारा विभागीय स्तर पर अतिशीघ्र कार्यवाही हेतु अधीनस्थों को मौके पर ही निर्देशित किया। बता दें विधायक सरिता आर्या ने बताया की उपरोक्त सडक़ों का नव निर्माण सरकार की प्राथमिकता में है।

### होटल नैनी रिट्रिट ने सफाई अभियान चलाया



**नैनीताल ।** होटल नैनी रिट्रिट ने वीरवार को नगर के अयारपाटा क्षेत्र में एनसीसी ऑफिस से हनुमान मंदिर तक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान डीएस जीना ने बताया की नैनी रिट्रिट द्वारा एक कदम सफाई के तहत समय समय पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है तथा लोगों को जागरूक भी किया गया। होटल द्वारा समय समय पर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया जाता है। सफाई अभियान में लोगों को जागरूक करते हुए बताया की कूड़े को कूड़ेदान में फेंका जाए, कूड़ा इधर-उधर फेंकने से पर्यावरण दूषित होता। पर्यावरण संरक्षण एवं वातावरण को साफ सुथरा रखने के लिए अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को विशेष महत्व देना चाहिए। इस दौरान सुरेश, रोहित, गणेश जोशी, कृष्णा, जीतेन्द्र, धीरज उप्रेती,हरीश, महेश,मुकेश, संदीप, सोनू, दीक्षा, रिया, निशा, किरण, अनुष्का, अनिधा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### पौंधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल ।** गांधी आश्रम ताकुला में गांधी आश्रम की टीम व ग्राम पंचायत की ओर से पौंधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांधी आश्रम कौसानी की टीम ने स्कूली बच्चों के साथ पौंध रोपण किया। गांधी आश्रम ताकुला के व्यवस्थापक रमेश चंद्र पांडेए ग्राम प्रधान डॉण् बबीता मनराल व क्षेत्र पंचायत सदस्य कमला जोशी ने हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौंधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने महर्षि विद्या मंदिर के बच्चों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौंधे रोपे। साथ ही गांव को हरा भरा बनाए रखने और जंगलों को बचाने के लिए ग्रामवासियों ने शपथ ली। इस दौरान तारा दत्त जोशी, कृष्ण सिंह बिष्ट, गोपाल, दया जोशी, गंगा दत्त भट्ट तथा पीएस परिहार और नवीन पांडे मौजूद रहे।

### लंबित भ्रष्टाचार प्रकरणों को लेकर समीक्षा गोष्ठी

**हल्द्वानी ।** सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी में आज लंबित भ्रष्टाचार प्रकरणों को लेकर समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। निर्देशक सतर्कता उत्तराखंड डॉ. वी. मुरूगेशन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सेक्टर हल्द्वानी के 04 अभियोगों और 04 खुली जांचों की प्रगति की समीक्षा की गई।बैठक में लंबित दो ट्रैप मामलों की विवेचना शीघ्र पूरी कर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोप-पत्र न्यायालय को भेजने के निर्देश दिए गए। सतर्कता विभाग के टोल फ्री नंबर 1064 पर इस वर्ष प्राप्त 124 शिकायतों में से 95 का निस्तारण किया जा चुका है। इनमें से 06 मामलों में ट्रैप की कार्रवाई की गई, जिसमें 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इनमें 02 राजपत्रित और 06 अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारी शामिल थे।समीक्षा बैठक में अभिसूचना संकलन के अंतर्गत चल रही 02 जांचों को गहनता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही न्यायालय में विचाराधीन मामलों में प्रभावी पैरवी करने पर जोर दिया गया।ट्रैप के दौरान शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई धनराशि लौटाने के लिए गठित रिवॉल्विंग फंड से अब तक 05 शिकायतकर्ताओं को कुल 72,000 रुपये वापस किए जा चुके हैं। भ्रष्टाचार रोकथाम के लिए सतर्कता विभाग द्वारा गांवों में जागरूकता अभियान, पंपलेट वितरण और आकाशवाणी से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।निदेशक डॉ. वी. मुरूगेशन ने आम जनता से अपील की है कि वे टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1064 पर 24म7 संपर्क कर भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड अभियान में अपनी भूमिका निभाएं।



# कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा: एडीजी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

एडीजी अपराध एवं कानून वी. मुरुगेशन ने वीरवार को नैनीताल पुलिस लाईन में हुई पत्रकार वार्ता में कहा कि सूबे में पंचायत चुनाव के दौरान बढ़ रही आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिसिंग को और मजबूत किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नैनीताल, बेतालघाट तथा ऊधमसिंह नगर समेत अन्य स्थानों पर हुई आपराधिक घटनाओं की गहन जांच की जा रही है और इसमें संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। कहा कि नैनीताल में हाल ही में हुए प्रकरण की जांच सीबीसीआईडी के माध्यम से कराई जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई होगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पुलिसिंग में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी विभागीय कार्रवाई तय है।

चुनावी ड्यूटी के दौरान कोताही या लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनका कहना था कि पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसके लिए हर स्तर पर निगरानी बढ़ाई गई है। इस दौरान आईजी रिद्धिम अग्रवाल, एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा और एसपी जगदीश चंद्रा भी मौजूद रहे।

# महिलाओं के लिए बारह दिवसीय मोमबत्ती प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

ग्रामीण मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य स्वरोजगार अपनाने हेतु बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (बड़ौदा आरसेटी प्रवर्तक बैंक ऑफ बड़ोदा हल्द्वानी) के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं के लिए बारह दिवसीय मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान बेलुवाखान डा. बबीता मनराल द्वारा वीरवार को नैनीताल जिले के भीमताल विकासखंड के गाजा पंचायतघर में किया गया।

प्रथम दिवस भावना जोशी ने मोमबत्ती के बारे में विशेष जानकारी देते हुए जैल मोमबत्ती, शादी मोमबत्ती, पैराफि न वैकस, सोया वैकस मोमबत्ती के बारे में बताते हुए कहा कि हर क्षेत्र में मोमबत्ती का बहुत बड़ा मार्केट है। कहा कि कम लागत में कोई भी व्यक्ति या महिला घर बैठे बड़ा स्वरोजगार खोल सकता है उसके लिए बैंक ऑफ बड़ौदा मदद के लिए तत्पर है। निदेशक अतुल कुमार पांडे ने मोमबत्ती द्वारा स्वरोजगार खोलने के लिए बैंक संबंधी आवश्यक जानकारी देते हुए मार्केटिंग के बारे में बताया।प्रशिक्षण शिविर में बड़ौदा आरसेटी के अतुल कुमार पांडे, सुरेश बिष्ट, हेमकृष्ण सिंह के अलावा लता सुयाल,गीता नेगी, भावना जोशी, राजेंद्र मनराल,योगेश बोरा के अलावा 25 प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित थी। संचालन शकुंतला नेगी व हेम कृष्ण सिंह ने किया।



## नोट


समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# 25 को होगी अवैध खनन में जुर्माना माफी के लिए दायर याचिका पर सुनवाई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



हाईकोर्ट ने जिला खनन अधिकारी ऊधमसिंह नगर की ओर से काशीपुर के एक किसान के ऊपर अवैध खनन करने के एवज में उनके ऊपर लगाए गए 1 करोड़ 91 लाख के जुर्माने को माफ करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 अगस्त की तिथि नियत की है। कोर्ट ने सचिव खनन को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश होने को कहा है।

मुखय न्यायाधीश जी नरेन्द्र एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। काशीपुर के ग्राम दभोरा के किसान दूनी चंद ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि उनकी कोसी नदी के किनारे भूमि है। खनन विभाग ने उनका पक्ष सुने बिना ही अवैध खनन का नोटिस देने के साथ ही अवैध खनन करने को लेकर उन पर 1 करोड़ 91 लाख का जुर्माना लगा दिया। जबकि उनकी ओर से कोई खनन कार्य किया ही नहीं गया। जब इसकी शिकायत उन्होंने कमिश्नर कुमाऊं व सरकार से की गई तो उनकी शिकायत निरस्त कर दी गई।

# 412 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में चलाया जा रहा अनूठा पौधरोपण अभियान वीरवार को 412 वें दिन भी जारी रहा।

बता दें वीरवार को कुमाऊ मंडल विकास निगम के 50 वें स्थापना दिवस के अवसर पर पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में हुए एक कार्यक्रम में आवास गृह के कर्मचारियों ने पर्यटन विकास अधिकारी नैनीताल ललित मोहन तिवारी के नेतृत्व में विभिन्न प्रजाति के 50 पौधों का रोपण किया। ललित मोहन तिवारी ने स्थापना दिवस के अवसर पर निगम के कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा की सभी को निगम हित और राज्य हित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर आवास गृह में सफ ाई अभियान भी चलाया गया और केक भी काटा गया ।दिनेश गुरु रानी ने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा सेवारत कर्मचारियों के साथ साथ सेवानिवृत कर्मचारियों को निगम की हर इकाई में सममान दिया गया। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस पर निगम के कर्मचारियों को जो उनकी लंबी मांग नियमितीकरण की है नियमितीकरण करते हुए सममान दिया जाए। सभा को डीडीहाट नगर पालिका के अध्यक्ष गिरीश चुफ ाल ने संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों को निगम हित व राज्यहित में कार्य करना चाहिए और यहां आने वाले हर पर्यटक का सममान करना चाहिए। डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील साहने कहा कि निगम कर्मचारियों द्वारा स्थापना दिवस में शामिल होकर कर्मचारियों से वार्ता करने का अवसर मिला। सभा को प्रमोद डिगारी जगत कन्याल जग्गू ने संबोधित किया।कार्यक्रम में हंसी बिष्ट, वेद प्रकाश, पद्म सिंह, सौरभ खोलिया, महेश कुमार, गोपाल बिष्ट, नरेंद्र थापा, विजय बोरा, शेर सिंह, पवन कुमार, रचना रावत, नीरज कुमार, भगवान सिंह व राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# अभिमत

## प्रभावशाली आरोपी

***शीर्ष अदालत ने यह सख्त टिप्पणी केन्द्रीय एजेंसी द्वारा जांचे गये मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताते हुए की। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने पूरी व्यवस्था और प्रक्रिया का असली चेहरा उजागर करते हुए समीक्षा याचिकाओं की विचारणीयता पर सवाल उठाया और कम दोषसिद्धि की दर के लिए 'प्रभावशाली आरोपियों' की टालमटोल को जिम्मेदार ठहराया। यह बात सही है कि जांच और न्यायिक प्रक्रिया का प्रभावशाली आरोपियों पर असर नहीं होता है।***

केन्द्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर सवाल उठते रहे हैं। सवाल उठाने वाले को भी आत्मावलोकन की जरूरत है। सुप्रीमकोर्ट ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 'ठग' की तरह काम नहीं कर सकता, उसे खुद को कानून के दायरे में रखना होगा। शीर्ष अदालत ने यह सख्त टिप्पणी केन्द्रीय एजेंसी द्वारा जांचे गये मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताते हुए की। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने पूरी व्यवस्था और प्रक्रिया का असली चेहरा उजागर करते हुए समीक्षा याचिकाओं की विचारणीयता पर सवाल उठाया और कम दोषसिद्धि की दर के लिए 'प्रभावशाली आरोपियों' की टालमटोल को जिम्मेदार ठहराया। यह बात सही है कि जांच और न्यायिक प्रक्रिया का प्रभावशाली आरोपियों पर असर नहीं होता है। प्रभावशाली आरोपियों के पास बहुत साधन हैं। वे कार्यवाही को लम्बा खींचने के लिए अलग-अलग हथकंडे इस्तेमाल करते हैं। आवेदन पर आवेदन दायर करते हैं और दोषी ठहराये जाने से बचने के लिए वकीलों की फौज खड़ी कर देते हैं। केन्द्रीय एजेंसी के अधिकारी जांच के कार्य में समय लगाने की जगह आवेदन के लिए अदालत के चक्कर लगाते रहते हैं। राजनीतिक पार्टियों के बड़े नेताओं, उनके रिश्तेदारों, उद्योग समूहों के स्वामियों के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसी की जांच, आयकर के छापे मीडिया में सुर्खियां बनते हैं, लेकिन उन पर कोई असर नहीं होता है। केन्द्रीय एजेंसियों की जांच और छापे प्रभावशाली लोगों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा मात्र है। कुछ साल पहले सीबीआई की जांच को विपक्षी नेताओं को दबाव में लेने का साधन बताया जाता था। वर्तमान में ईडी की जांच को भी यही बताया जा रहा है। लोकसभा में प्रमुख विपक्षी पार्टी के नेताओं और उनके परिवार के सदस्यों से ईडी ने कई बार घंटों पूछताछ की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले कार्यकाल में पूछताछ शुरू हुई थी। आय से अधिक सम्पत्ति के मामलों में भी वसूली नहीं की गई है। विपक्ष के कई दिग्गज नेता जेल की सलाखों के पीछे गये। प्रभावशाली आरोपी होने के कारण बाहर आ गये। प्रभावशाली आरोपियों ने संसाधनों यानि पैसे का इस्तेमाल कर वकीलों की फौज अदालतों में खड़ी कर दी। वकीलों की फौज जेल से बाहर लाने में सफल हो गई। इससे पूरी व्यवस्था में 'झोल' उजागर हो गया। संसाधनविहीन लोग जेल में रहते हैं।

# पुलिस कप्तानों के साथ अपराध समीक्षा की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड के एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था वी0 मुरुगेशन ने वीरवार को नैनीताल के पुलिस लाईन सभागार में कुमाऊं रेंज के पुलिस कप्तानों के साथ की अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने पुलिस कप्तानों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए।

बैठक से पूर्व कुमाऊं रेंज के जनपदों में घटित अपराधों के अनावरण और अपराधियों की गिरफतारी की कार्यवाहियों का तुलनात्मक आंकलन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस कप्तान महिला अपहरण के मामलों में गंभीरता से कार्य करते हुए प्रभावी अनावरण करें तथा संलिप्त के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें,बोले कि महिला अपराधों की विवेचना करने वाले विवेचक संवेदनशील होकर कार्य करें। कहा कि चोरी व नकबजनी के मामलों का त्वरित निस्तारण करें। संलिप्तों की शत प्रतिशत गिरफतारी कर संपति बरामदगी करवाएं। उन्होंने कहा कि आमर्स एकट के अंतर्गत प्रभावी करवाही करें,अवैध असलों की सप्लाई चैन पर अंकुश लगाएं। जनपदों में सघन चेकिंग करवाएं। कहा कि अवैध नशे की सप्लाई चेन को तोडने़ के लिए कड़ी निरोधात्मक कार्यवाही की जाय। नशे के अड्डों और नशा तस्करों के क्रियाकलापों पर पैनी नजर रखें। मैदानी जनपद सक्रिय होकर कार्य करें तथा सभी एंट्री पॉइंट्स व बैरियरों पर लगातार चेकिंग करें और भ्रमणशील रहें। उन्होंने सभी जनपद प्रभारियों को विवेचनात्मक कार्यवाहियों में पारदर्शिता लाने हेतु निर्देशित किया गया। कहा कि साईबर अपराधों में 1930 की क्रियाशीलता को प्रभावी बनाए। सभी साईबर फ्रॉड के मामलों प्रभावी कार्ययोजना बनाएं। पीड़ितों की संपति बरामदगी कराएं। कहा कि लंबित विवेचनाओं को समयानुसार पूर्ण करें। जनपद प्रभारी सभी अधीनस्थों के कार्यों की लगातार समीक्षा करें। विभागीय कार्यवाहियों का भी निर्धारित समयानुसार निस्तारण करें। उन्होंने जनपदों में बरामद अज्ञात शवों की शिनाखत कार्यवाही पर बल दिया।

कहा कि अज्ञात शवों की शिनाखत के संबंध में पुलिस मुखयालय द्वारा अभियान चलाया गया है। इस अभियान में अधिक से अधिक अज्ञात शवों की शिनाखत कार्यवाही हेतु एक कार्ययोजना भी पुलिस मुखयालय द्वारा जारी की गई है जिसमें कार्यवाही हेतु उन्होंने उचित दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र नैनीताल, प्रहलाद नारायण मीणा एसएसपी नैनीताल, मणिकांत मिश्रा एसएसपी ऊधमसिंहनगर, देवेंद्र पींचा एसएसपी अल्मोड़ा, अजय गणपति एसपी चंपावत, श्रीमती रेखा यादव एसपी पिथौरागढ़, आर चंद्रशेखर घोडके़ एसपी बागेश्वर, सुश्री निहारिका तोमर एसपी क्राइम ऊधम सिंह नगर मौजूद रहे।

## पेड़ टूटकर सडक़ और गोदाम के ऊपर गिरा, बाल-बाल बचे

**नैनीताल ।** नैनीताल में बुधवार की रात मूसलाधार बारिश के चलते समीपवर्ती बल्दियाखान में एक पेड़ टूटकर सडक़ और घर के पास बने गोदाम के ऊपर गिर गया। गनीमत रही कि पेड़ की चपेट में घर या कोई वाहन नहीं आया।

जानकारी के अनुसार बुधवार की रात लगभग 10 बजे तेज बारिश के दौरान बल्दियाखान एक घर के समीप बड़ा पेड़ आधे से टूट गया। पेड़ टूटकर सडक़ और घर के समीप बने एक गोदाम के ऊपर गिर गया। आवाज सुनकर जब घर में रहने वाले चामा व उनके परिवार ने बाहर आकर देखा तो पेड़ उनके गोदाम की छत पर गिरा था। वहीं पेड़ का दूसरा सिरा टूटकर सडक़ पर गिरा था। उन्होंने बताया कि उनका घर बाल-बाल बचा है। पेड़ के गिरने से कोई नुकसान नहीं हुआ है। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि पेड़ को सडक़ और घर के समीप से हटाया जा रहा है।

# आरबीआई ग्राहक जागरूकता अभियान के अंतर्गत वित्तीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



महिला महाविद्यालय हल्द्वानी की राष्टीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा चेष्टा संस्था के तत्वावधान में जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने की। प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा आज के समय में वित्तीय साक्षरता हर नागरिक के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि विद्यार्थी जीवन से ही सही निवेश और सुरक्षित लेन-देन की समझ विकसित हो जाए, तो वे भविष्य में न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे बल्कि दूसरों को भी वित्तीय रूप से जागरूक कर पाएंगे। एनएसएस प्रभारी डॉ. रितुराज पंत ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा भारतीय रिजर्व बैंक जमाकर्ताओं के अधिकारों और वित्तीय सुरक्षा की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इस प्रकार की कार्यशालाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को जागरूक बनाना और उन्हें सुरक्षित बैंकिंग के महत्व को समझाना है। आरबीआई के क्षेत्रीय सलाहकार बी.डी. नैनवाल ने वर्तमान वित्तीय परिदृश्य पर चर्चा करते हुए कहा डिजिटल युग ने बैंकिंग को सरल और सुलभ बनाया है, लेकिन इसके साथ-साथ साइबर अपराध और धोखाधड़ी की घटनाएँ भी बढ़ी हैं।

वित्तीय अनुशासन जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। इस अवसर पर उपस्थित समन्वयक मुकुल कुमार ने कहा युवाओं को वित्तीय ज्ञान प्रदान करना ही देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। डॉ. रेखा जोशी ने कहा महिला शिक्षा और वित्तीय साक्षरता का मेल समाज में वास्तविक परिवर्तन लाता है।

## फिल्मी दुनिया

# 200 करोड़ क्लब में शामिल हुई 'वॉर 2'





*ऋतिक रोशन और साउथ स्टार जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' को सिनेमाघरों में आठ दिन पूरे हो चुके हैं। आज यह फिल्म 200 करोड़ क्लब में एंट्री ले चुकी है। एक्शन की डबल डोज के साथ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर फिल्म 'वॉर 2' दर्शकों को भा गई है। यह फिल्म अब तक बढ़िया कलेक्शन कर रही है। अब तक प्राप्त शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म 'वॉर 2' ने 8वें दिन यानी गुरुवार 3.24 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह फिल्म वीक डे पर भी अच्छे-खासे रुपये बटोर रही है। बुधवार को भी इस फिल्म ने 5.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वीकएंड भी जल्द आने वाले है, ऐसे में यह फिल्म अपने कलेक्शन में और बढ़ोतरी कर सकती है। वॉर 2' का कुल कलेक्शन भी आज यानी गुरुवार को 202.49 करोड़ रुपये हो चुका है। यह फिल्म आठ दिन में ही 200 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फैन फॉलोइंग के कारण ऐसा मुमकिन हुआ, वरना दर्शकों को फिल्म की कहानी कुछ कमजोर नजर आई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में 400 करोड़ रुपये बताया गया है। 8वें दिन यह 200 करोड़ रुपये वसूल कर चुकी है। इस तरह यह अपना आधा बजट कमा चुकी है। अगर इसी तरह से 'वॉर 2' की कमाई जारी रही तो यह अपना पूरा बजट भी जल्द वसूल कर सकेगी।*

### फिल्म में नजर आई नामी स्टार कास्ट

*फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन, साउथ स्टार जूनियर एनटीआर के अलावा कियारा आडवाणी, आशुतोष राणा और वरुण बड़ोला जैसे कलाकार भी नजर आए हैं। फिल्म में बॉबी देओल ने भी एक कैमियो किया है। 'वॉर 2' फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है।*

# अपहरण प्रकरण में गिरी कई पुलिस अधिकारियों और कर्मियों पर गाज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल जिला पंचायत चुनाव प्रकरण को लेकर अब नैनीताल पुलिस एक्टिव मोड में नजर आती दिख रही है। मामले में पुलिस की ओर से जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान 5 सदस्यों के अपहरण प्रकरण में पुलिस विभाग पर बड़ी कार्रवाई की है। मामले में आधा दर्जन से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मियों पर गाज गिरी है।

बता दें कि चुनाव की पूर्व रात्रि में लापरवाही बरतने पर एएसआई उदय सिंह राणा को निलंबित कर दिया गया है वहीं सीओ प्रमोद साह का आईआरबी देहरादून और तल्लीताल एसओ रमेश सिंह बोहरा का अल्मोड़ा तबादला कर दिया गया है। इसके अलावा बवाल के दौरान मूकदर्शक बने कांस्टेबल अमित चौहान को भी निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत रोड पर ड्यूटी दे रहे एक कांस्टेबल तथा एक महिला कांस्टेबल और एक अग्निशमन कर्मी को लाइन हाजिर किया गया है जबकि मौके पर तैनात पीएसी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुखयालय को पत्राचार किया गया है। मामले को लेकर नैनीताल में वीरवार को पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता कर एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि चुनाव के दौरान बिगड़ी कानून व्यवस्था से विभाग की छवि को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि तल्लीताल थाने में अब तक 6 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। आरोपितों की पहचान के लिए विशेष टीमें लगाई गई हैं और वीडियो फुटेज खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेनकोट गैंग हो या किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ा व्यक्ति, दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी के पास घटना से संबंधित वीडियो या अन्य साक्ष्य हों तो उसे तत्काल मुहैया कराएं।

News कॉर्नर

## वार्ड संख्या 49 एवं 50 के लिए जनसुविधा शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 49 एवं 50 के लिए जनसुविधा शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर प्रात: 10 बजे से जनमिलन केंद्र, हल्द्वानी में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। नागरिकों ने शिविर में सम्मिलित होकर अपनी समस्याएँ सीधे विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखीं।शिविर में आधार सेवा के अंतर्गत कुल 22 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए। विद्युत विभाग में प्राप्त 04 शिकायतों का तत्काल समाधान किया गया। पूर्ति विभाग में कुल 03 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें नया राशन कार्ड बनवाने तथा नाम जोड़े जाने जैसी समस्याएँ सम्मिलित थीं। जल संस्थान विभाग में पानी की नई लाइन बिछाने संबंधी एक शिकायत दर्ज हुई, जिस पर नगर आयुक्त हल्द्वानी द्वारा तुरंत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त, यूनिफॉर्म सिविल कोड (ष्ट्ट) के अंतर्गत विवाह पंजीकरण हेतु भी नागरिकों से आवेदन प्राप्त हुए।शिविर में वार्ड 49 के पार्षद चन्दन मेहता तथा वार्ड 50 की पार्षद नीमा भट्ट सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। नागरिकों ने इस पहल को अत्यंत उपयोगी एवं जनसहायक बताते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस आयोजन ने न केवल प्रशासन और नागरिकों के बीच प्रत्यक्ष संवाद को सुदृढ़ किया, बल्कि समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक प्रभावी प्रयास सिद्ध हुआ। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में सम्मिलित होकर अपनी समस्याएँ विभागीय अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपने घर के समीप ही विभिन्न विभागीय सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं।

# कुमाऊं विवि में सत्र 2025-26 अभिविन्यास कार्यक्रम प्रारंभ हुआ

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता




कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के चार वर्षीय एकीकृत बीएड विभाग में बीते रोज सत्र 2025-26 अभिविन्यास कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

इससे पूर्व अभिविन्यास कार्यक्रम के प्रथम दिवस की शुरुआत मुखय अतिथि प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा (परिसर निदेशक डी0एस0बी0 परिसर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल) समेत शिक्षा संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर अतुल जोशी तथा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.0 अशोक उप्रेती द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई । इस अवसर पर विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा कुल गीत एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई तथा कुमाऊनी लोक नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुखय अतिथि प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा द्वारा नये प्रवेशार्थियों का हार्दिक स्वागत व आगामी शैक्षिक गतिविधियों हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कहा कि मेरे प्रिय भविष्य के शिक्षकों, मैं सभी का इस संस्थान में आप सभी का स्वागत करती हूँ जो आने वाले वर्षों में आपका दूसरा घर और कार्य स्थल होगा। आज जब आप यहाँ आशा और उत्साह के साथ बैठे हैं तो मैं आपकी आँखों में वही चमक देखती हूँ जो एक समय में हम सभी को शिक्षा के क्षेत्र में लाया था। शिक्षा केवल डिग्रियाँ प्राप्त करने के बारे में नहीं है यह आपके चरित्र, मूल्यों और दृष्टि को आकार देने के बारे में है।

यह परिसर आपके विचारों के लिए एक मंच, एक प्रयोगशाला और एक खेलने का मैदान है। गलतियाँ करें लेकिन उनसे सीखें। जोखिम उठाएँ लेकिन उन्हें विवेक द्वारा मार्गदर्शित करें। याद रखें, बाहर का विश्व तेजी से बदल रहा है और जो आपको अलग बनाएगा वह केवल आपका ज्ञान नहीं बल्कि आपकी अनुकूलता, सृजनशीलता और नैतिक शक्ति है।

इस मौके पर संकायाध्यक्ष प्रोफेसर अतुल जोशी द्वारा छात्र-छात्राओं को आशीष वचन प्रदान कर कहा कि आप सभी का हमारे संकाय में हार्दिक स्वागत है। आज का दिन आपके जीवन की एक नई शुरुआत का प्रतीक है,एक ऐसा सफर जो ज्ञान व अनुभव और आत्मविकास से भरा होगा।

यह संकाय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि एक ऐसा मंच है जहाँ आप अपने विचारों को आकार देंगे, अपने सपनों को उड़ान देंगे और अपने व्यक्तित्व को निखारेंगे। यहाँ आपको न केवल अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में मार्गदर्शन मिलेगा बल्कि जीवन के हर पहलू में संतुलन और समझ विकसित करने का अवसर भी मिलेगा। इसके पश्चात विभागाध्यक्ष डॉ0 अशोक उप्रेती द्वारा छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया तथा शिक्षा के उद्देश्य एवं शिक्षक छात्र के संबंधों पर प्रकाश डाला गया और कहा की जिज्ञासु बने रहें क्योंकि सवाल पूछना ही सीखने की शुरुआत है। सहयोग करें क्योंकि साथ मिलकर ही हम एक समृद्ध समुदाय बना सकते हैं। अभिविन्यास कार्यक्रम का संचालन डॉ0 दीपिका भट्ट व डॉ0 तेज प्रकाश जोशी द्वारा किया गया इस अवसर पर अभिविन्यास कार्यक्रम समिति के संयोजक डॉ0 भूपेंद्र सिंह कठायत व सदस्य डॉ0 वर्षा पन्त, डॉ0 शाहिद हुसैन समेत डॉ.0विनीता विश्वकर्मा,डॉ0 लक्ष्मण सिंह, डॉ0 पुष्पा अधिकारी, डॉ0 शिखा रतूड़ी, डॉ0 हेमा मेहरा, डॉ0 सरोज शर्मा व डॉ0 आकांक्षा शैली आदि उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने आरटीओ कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं युवा जिलाध्यक्ष व ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने आज आरटीओ कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। ट्रांसपोर्ट नगर में खड़े वाहनों पर चालान और छोटे मालवाहनों से माल जब्त किए जाने को लेकर व्यापारियों ने कड़ी आपत्ति जताई।

व्यापारियों ने सवाल उठाया कि यदि ट्रांसपोर्ट नगर में भी चालान किए जा रहे हैं, तो फिर उसके निर्माण का उद्देश्य ही क्या है? साथ ही, उन्होंने छोटे वाहन चालकों से वाहन की चाबी छीनने, माल जब्त करने और वाहनों को आरटीओ कार्यालय ले जाने की कार्रवाई को अमानवीय बताते हुए चेतावनी दी कि आगे ऐसी घटनाओं पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

व्यापारियों का आरोप था कि आरटीओ अधिकारी गरीबों का शोषण कर रहे हैं, जबकि बड़े स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं होती। प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, महामंत्री खीमानंद शर्मा, संरक्षक इंद्र भुटियानी, चंद्र शेखर पांडे, मंसूर खान, दिनेश बेलवाल, राजेश पूरी, कैनेडी सचदेवा सहित अनेक व्यापारी शामिल रहे।

**आरोप**

● छोटे मालवाहनों से माल जब्त किए जाने को लेकर आपत्ति

# बारिश के बाद रास्ते पर फिसलन को लेकर बिलीचिंग डलवाया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



मल्लीताल सैनिक स्कूल वार्ड धूपकोठी में स्थानीय सभासद लता दफौटी लगातार जनता की समस्याओं को हल करने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

बता दें हाल ही में हुई बारिश के बाद क्षेत्र के रास्ते पर फिसलन बढ़ गई थी जिससे पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। खतरे की स्थिति को देखते हुए सभासद लता दफौटी ने तुरंत पहल की और मार्ग पर बिलीचिंग पाउडर डलवाया। इस कदम से लोगों को बड़ी राहत मिली। इसी बीच बारिश के कारण क्षेत्र का एक मुख्य मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया थाए जिससे स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों का आना.जाना मुश्किल हो गया था। इस पर लता दफौटी ने तत्परता दिखाते हुए फ ॉरेस्ट विभाग के कर्मियों को मौके पर बुलाया और तुरंत रास्ते की मरममत कराने के निर्देश दिए। उनके प्रयास से लोगों की परेशानी काफी हद तक कम हो गई। लता दफौटी समय-समय पर वार्ड की समस्याओं को सुनने के लिए क्षेत्र में पहुंचती रहती हैं और उनके समाधान का आश्वासन भी देती हैं। हाल ही में उन्होंने वार्ड में वृक्षारोपण अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया था। बलीचिंग पाउडर डालने की कार्रवाई में चंदन सिंह खत्री, नारायण सिंह, गणेश सिंह खत्री और कुंदन सिंह भी मौजूद रहे।

# उद्यमिता एवं नवाचार विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी कैंपस में वीरवार को उद्यमिता एवं नवाचार विषय पर कार्यशाला का आयोजन कुमाऊं विश्वविद्यालय इनोवेशन एंड इन्यूबेशन सेंटर के बैनर तले किया गया।

मुखय वक्ता संजीव भगत फूटेज के संस्थापक एवं डीएसबी कैंपस के गौरवशाली पूर्व छात्र रहे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि 1993 में अचार और केचप से शुरू हुई उनकी यात्रा ने आज 46 से अधिक उत्पादों को जन्म दिया है। इनमें लोकप्रिय बुरांश जूस भी शामिल है। वर्तमान में उनके पांच शो.रूम संचालित हैं और उत्पाद ऑनलाइन माध्यम से देशभर में उपलबध हैं। उन्होंने छात्रों से कहा नौकरी में आमदनी की सीमा होती है जबकि व्यवसाय में कमाई की कोई सीमा नहीं। उन्होंने स्वतंत्र सोच व रचनात्मकता और गुणवत्ता को सफलता का आधार बताया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. ललित तिवारी ने किया जबकि आशीष तिवारी कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ ऋचा गिनवाल ने छात्रों को एआई के प्रयोग से नए विचार विकसित करने के लिए प्रेरित कियाए जबकि डॉ निधि वर्मा ने व्यवसाय और वाणिज्य का अंतर स्पष्ट कर उद्यमिता को अवसर सृजन का माध्यम बताया।

इस अवसर पर संजीव भगत को शॉल ओढाकर तथा मोमबत्ती भेंटकर सममानित किया गया। कार्यशाला का सफ ल संचालन डॉ. हर्देश शर्मा, डॉ ऋचा गिनवाल, प्रो. गीता तिवारी, डॉ हरिप्रिया पाठक, डॉ पैनी जोशी, डॉ श्रुति साह, डॉ नीता आर्य,डॉ इकरमजीत सिंह मान, डॉ नंदन मेहरा ,डॉ निधि वर्मा, डॉ. दिलीप कुमार, जगजीवन, विशाल बिष्ट व विशाल आदि शामिल रहे।

## चौथे दिन भी जारी शिक्षकों का चॉकडाउन

**अल्मोड़ा।** लंबित मांगों का समाधान न होने से नाराज शिक्षक चौथे दिन भी चॉकडाउन कर शिक्षण कार्य से विरत रहे। इसके चलते विद्यालयों में पढ़ाई ठप रही और विद्यार्थियों को परेशानी झेलनी पड़ी। पीएमश्री राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज हवालबाग में शिक्षकों ने नारेबाजी कर विरोध जताया। वहां डॉ. कपिल नयाल, संजय पांडेय, मदन सिंह, तारा दत्त भट्ट, डॉ. निर्मल पंत, डॉ. प्रदीप, धन सिंह धौनी, प्रमोद कुमार पांडेय, कमलेश जोशी, नवीन वर्मा, भगवत सिंह, सुनीता बोरा, भावना वर्मा, हिमांती टम्टा शामिल रहे।

# मल्लीताल क्षेत्र में साइबर ठगों ने महिला से 26 हजार ठगे

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता




नगर के मल्लीताल क्षेत्र में आंगनबाड़ी कर्मी बनकर साइबर ठगों ने एक महिला से 26 हजार ठग लिए। फोन पर जब रुपये कटने के मैसेज आए तो महिला को ठगी का अहसास हुआ।

महिला की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। मल्लीताल निवासी रविता आर्या ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि बीते दिनों उसे एक अज्ञात नंबर से फोन आया। जिसने खुद को आंगनबाड़ी कर्मचारी बताते हुए सरकारी योजना की रकम का भुगतान करने की बात कही।

बातचीत के दौरान कर्मी ने गूगल पे नंबर मांग लिंक भेजकर भुगतान रिसीव करने को कहा। जब उसने आये हुए मैसेज पर कलिक किया तो भुगतान नहीं आया। इस दौरान उसने बहन का गूगल पे नंबर भी दे दिया। कुछ ही देर बाद देखा तो उसके खाते से दो व बहन के खाते से 26 हजार रुपये कट गए। जिसके बाद उसको ठगी का अहसास हुआ। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि शिकायत को साइबर सेल को भेजने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है।

# संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत संस्कृत दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



जिले के बेतालघाट स्थित शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत संस्कृत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.विनय कुमार विद्यालंकार ने कहा कि वैज्ञानिकों ने संस्कृत में ओम की ध्वनि को सृष्टि की प्रथम ध्वनि के रूप में माना है। नासा जैसी वैज्ञानिक शोध संस्था ने माना है कि सूर्य की किरणों के माध्यम से प्रतिदिन ओउम् की ध्वनि पृथ्वी तक पहुँचती है, ओम के उच्चारण से विभिन्न बीमारियों जैसे निमन रक्तचाप व उच्च रक्तचाप को नियमित किया जा सकता है। संस्कृत संस्कारों की भाषा है, संस्कृत मनुष्य को सुसंस्कृत बनती है। भारत वर्ष की आत्मा संस्कृत में ही बसती है।

इस मौके पर डॉ जयति दीक्षित ने संस्कृत भाषा को कर्ण प्रिय भाषा बताया,कहा कि संस्कृत भाषा ही एक मात्र भाषा है जिसे बोलते हुए आरोह व अवरोह की सुंदर गति बनती है । डॉ तरुण कुमार आर्य ने संस्कृत दिवस के आरंभ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हाल ही में उत्तराखंड शासन द्वारा उत्तराखंड के प्रत्येक जिले में एक आदर्श संस्कृत ग्राम की योजना के बनाई गई है जिससे राज्य में संस्कृत के प्रति जनमानस को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्कृत विभाग प्रभारी डॉ निर्मला ने किया साथ ही उन्होंने छात्र.छात्राओं को संस्कृत भाषा के महत्व को बताते हुए कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है तथा भारतीय संस्कृति का मूल है।

इस मौके पर महाविद्यालय की छात्राओं शिवानी, बबीता करगेती,बबीता तथा छाया ने सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी । बबीता एवं छाया ने संस्कृत समूह गान गाया। बीए प्रथम वर्ष के छात्र सुनील सिंह बिष्ट ने श्लोकोंच्चरण किया जबकि निधि तिवारी द्वारा संस्कृत विषय पर भाषण दिया गया। कार्यक्रम में डॉ0 इप्सिता सिंह, ममता पांडे, डॉ0 फ रजाना अजीम, भास्करानंद पंत, सपना आर्या, अनिल, मुकेश,ललित, प्रेमा, सुनील,मनजीत व दीक्षा एवं कोमल आदि छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।